


## रामपुरा डांग की 23 बीघा भूमि शासकीय घोषित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** न्यायालय अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा निगरानी के प्रकरण क्रमांक 0105/निगरानी/2024-25 में तहसील श्योपुर अंतर्गत रामपुराडांग की 23 बीघा 16 बिस्वा भूमि को शासकीय घोषित किये जाने का आदेश पारित किया गया है। पारित आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अभिलेख जांच शाखा द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में तहसीलदार श्योपुर के प्रकरण क्रमांक 10/अ-86/93-94 आदेश दिनांक 01.07.94 से सलीम पुत्र जलालुद्दीन निवासी बगवाज के नाम ग्राम रामपुराडांग की भूमि सर्वे क्रमांक 30 रकबा 1.317हे. (06 बीघा 07 विस्वा) भूमि पर तथा न्यायालय नायब तहसीलदार वृत गोरस (तत्कालीन समय में तहसील श्योपुर अंतर्गत वृत्त गोरस) के प्रकरण क्रमांक 28/94-95/अ-86 में पारित आदेश दिनांक 29.11.95 द्वारा ग्राम रामपुराडांग की भूमि सर्वे क्रमांक 46मिन रकबा 07 बीघा 09 विस्वा, स.क्र.182मिन रकबा 01 बीघा 05 विस्वा कुल किता 02 कुल रकबा 08 बीघा 14 विस्वा भूमि पर सिराज पुत्र नन्हे खां निवासी ग्राम बगवाज एवं सर्वे नम्बर 182 मिन में से रकबा 03 बीघा 15 विस्वा एवं 182 मिन रकबा 05 बीघा कुल रकबा 08 बीघा 15 विस्वा भूमि पर सलमा पुत्री इस्लाममुद्दीन निवासी बगवाज के नाम अवैधानिक तरीके से प्राप्त किये गये 03 पट्टे निरस्त किये जाकर ग्राम रामपुराडांग तहसील श्योपुर की कुल 23 बीघा 16 विस्वा भूमि शासकीय घोषित की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने वेबीनार के माध्यम से दिया संबोधन





नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 6 मार्च।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बजट पश्चात वेबिनार सत्र 2026 के माध्यम से कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर समस्त राज्यों की शी-मार्ट रूरल वुमेन लीड इन्टरप्रायजेज से जुडी महिलाओं एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों को संबोधित किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा अपने संबोधन में भारत सरकार के द्वारा वित्तींय वर्ष 2026-27 में समस्त विभागों व योजनाओं में आवंटित बजट की राशि का सही उपयोग ग्रामीण स्तर तक किये जाने के संदर्भ में चर्चा की गई। जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बताया गया कि कृषि को सशक्त बनाने के लिये 3 से 4 प्रकार की खेती किया जाना आवश्यक है। खेती का प्रकार व उत्पादन बाजार की मांग अनुसार होना चाहिये तथा उनकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग उच्च गुणवत्ता पर किये जाने के लिए विशेष प्रयास किये जाना चाहिये। जिससे ग्रामीण अथ 'व्यावस्था को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके और किसानों की आय में वृद्धि हो सके, इसी प्रकार कृषि के साथ-साथ गैर-कृषि व एलाईड गतिविधियों को भी बढावा दिया जाना चाहिये। वर्तमान में दूग्ध उत्पादन में देश प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री द्वारा जैविक खेती को बढावा दिये जाने पर जोर देते हुये कहा कि देश को केमिकल फ्री कृषि की तरफ ले जाने की विशेष आवश्याकता है जिससे लोगो को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके, साथ ही मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा पशु केसीसी, गोवर्धन योजना, फसल डाईवर्सीफिकेशन, स्टोरेज को बढावा देना आदि विषय को संबोधित करते हुये वर्ष 2029 तक देश में 6 करोड लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बजट की पाई-पाई का सही उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने में किया जावेगा। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष श्योपुर में जिला परियोजना प्रबंधक एसके मुगदल सहित जिला प्रबंधक गैर-कृषि, कौशल उन्नयन, सूक्ष्म वित्त एवं स्वसहायता समूह की दीदीयां उपस्थित रही।

### एक नजर में

#### टमटम को तेजी व लापरवाही से चलाकर, टक्कर मार दी

**श्योपुर, 06 मार्च।** थाना विजयपुर सड़क दुर्घटना फरि. कमलकिशोर पुत्र स्व. जगदीश शर्मा नि. मोहनपुरा रोड मडी विजयपुर ने रिपोर्ट की कि 01मार्च के 18.00 बजे स्थान सुनवई तिराहा विजयपुर पर आरोपी टमटम चालक सचिन पुत्र भूपेन्द्र सिंह जाटव नि. बरदुला थाना विजयपुर ने अपने टमटम को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. को टक्कर मार दी जिससे उसको चोटे आयी।

#### बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मारी

**श्योपुर, 06 मार्च।** थाना विजयपुर सड़क दुर्घटना फरि सुमेर पुत्र चिरोंजी रावत उम्र 42 साल नि. भैरोपुरा थाना वीरपुर ने रिपोर्ट की कि 04मार्च के 17.00 से 17.10 बजे स्थान ग्राम गोहरा के पास बने रपटे पर आरोपी अज्ञात ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. को टक्कर मार दी जिससे उसको चोटे आयी।

#### पुरानी रंजिश की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 06 मार्च।** थाना विजयपुर मारपीट फरि. श्रीराम पुत्र हल्का जाटव उम्र 40 साल नि. सुनवई तिराहा विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 04मार्च के 22.30 से 22.40 बजे स्थान फरि के घर के सामने पर आरोपीगण, नबाब जाटव, वंशी जाटव, पतिराम जाटव नि. गण सुनवई थाना विजयपुर ने फरि को पुरानी रंजिश की बात पर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

#### पुरानी रंजिश की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 06 मार्च।** थाना आवदा मारपीट फरि. शंकर पुत्र अमरलाल माहौर उम्र 52 साल नि. नयागांव थाना आवदा ने रिपोर्ट की कि 04मार्च के 19.30 से 19.40 बजे स्थान फरि. के घर के सामने पर आरोपी बलवीर पुत्र मागीलाल सुमन नि. नयागांव ने फरि को पुरानी रंजिश की बात पर गंदी गंदी जातिगत गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

#### टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में एक लाख तक मिलेगा ऋण

**श्योपुर, 06 मार्च।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के सदस्यों को 10 हजार से 01 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आदिवासी वित्त विकास निगम के शाखा प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 53 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे सदस्य जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष है। योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 10 हजार से लेकर 01 लाख रूपये तक के ऋण प्राप्त कर सकते है। इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है।

#### भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में करें आवेदन

**श्योपुर, 06 मार्च।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के युवाओं को 1 से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आदिवासी वित्त विकास निगम के शाखा प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 11 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है तथा कक्षा 8वी परीक्षा उर्त्तीण हो, पात्र होगें। परिवार की वार्षिक आय सीमा 12 लाख रूपये से अधिक नही होना चाहिए। इस योजना के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण मिलेगा। इच्छुक आवेदक पर आवेदन कर सकते है।

#### सीप नदी विषय पर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम घोषित

**श्योपुर, 06 मार्च।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा श्योपुर की जीवन रेखा सीप नदी विषय पर आयोजित निंबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के परिणाम घोषित कर दिये गये है। इस प्रतियोगिता का आयोजन विरासत म.प्र. न्यास के चेप्टर श्योपुर के सहयोग से किया गया था। परिषद के नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता 18 वर्ष की आयु एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र की आयु के दो वर्गो में आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए 11 फरवरी से 26 फरवरी तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी। जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र आयुवर्ग में ईश्वर वैष्णव ने प्रथम, लवकुश बैरवा ने द्वितीय एवं कु. कोमल बैरवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में कु. नाविका खण्डेलवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम आयोजित कर पुरूस्कर वितरण किया जायेगा।

## सीईओ जिला पंचायत ने बासेड, सेसईपुरा एवं कराहल का किया भ्रमण



### आश्रम अधीक्षक, पंचायत सचिव सहित बीएमओ एवं बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बासेड एवं सेसईपुरा का निरीक्षण कर ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य योजनाओं का जायजा लिया गया।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने उपस्वास्थ्य केंद्र बांसेड का निरीक्षण किया तथा उपस्थित सीएचओ को एचपीवी वैक्सीनेशन एवं दस्तक अभियान में प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण किया जायें। कोई भी बालिका टीकाकरण से शेष न रहें।

ग्राम पंचायत सेसईपुरा में गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौवंश की पर्याप्त संख्या नही पाये जाने पर गौशाला संचालक एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने कहा कि गौशालाओं का संचालन व्यवस्थित तरीके से किया जायें तथा गौशालाओं में गौवंश की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जायें। इसी के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय सेसईपुरा के निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव एवं जीआरएस अनुपस्थित पाये गये तथा कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही पाई गई, इसके चलते पंचायत सचिव को एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु तथा जीआरएस को एक दिवस के लिए अवैतनिक करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

सेसईपुरा में आदिवासी बालक आश्रम के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति न्यूनतम पाये जाने तथा आश्रम परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नही मिलने सहित आश्रम संचालन में कमी मिलने पर संबंधित अधीक्षक को अधीक्षिकीय पद से हटाने और एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल के औचक निरीक्षण के दौरान एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य में प्रगति नही पाये जाने पर बीएमओ एवं बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये।

## प्रो. आर्य को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य को डॉक्टरेट की उपाधि अर्जित हो गई है। जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा श्योपुर जिले के ऐतिहासिक स्थलों की तथ्यात्मक विवेचना (आठवीं शताब्दी से 1947 ई. तक) विषय पर शोध प्रबंध के लिए यह उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यह शोध कार्य मार्गदर्शी प्राध्यापक डॉ. मीना श्रीवास्तव के निर्देशन में पूर्ण किया।

डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त करने पर श्री आर्य को कॉलेज प्राचार्य, प्राध्यापक और स्टाफद्वारा शुभकामनाएं दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस शोध प्रबंध के प्रथम अध्याय में श्योपुर जिले का सामान्य परिचय, जिले की ऐतिहासिक व भौगोलिक पृष्ठभूमि, द्वितीय अध्याय में जिले की श्योपुर, बडौदा, कराहल, वीरपुर एवं विजयपुर तहसील के पुरातात्विक स्थलों का इतिहास, तृतीय अध्याय में जिले की संस्कृति के अंतर्गत शिक्षा, धर्म, चित्रकला एवं समाज, चतुर्थ अध्याय में जिले की स्थापत्य कला एवं निष्कर्ष रूप में संपूर्ण शोध प्रबंध का विश्लेषण समाहित है।



## प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जेल निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर श्री मेहता द्वारा जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण सह विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता द्वारा जिला जेल की बैरकों वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला, टॉयलेट व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदीजनों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराते हुये उन्हें विधिक सहायता एवं अपीलीय अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उनके प्रकरणों के संबंध में भी विधिक चर्चा की गई। उक्त निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर के दौरान जेल अधीक्षक एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आज

**श्योपुर।** 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में पंचायत भवन मानपुर में 07 मार्च को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये है कि उक्त स्क्रीनिंग कैम्प में स्वास्थ्य विभाग मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर स्थल पर पहुंचकर दिव्यांगता का परीक्षण करेंगे और दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करेंगे। शिविर में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया जायेगा, इसमें महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा।



## 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण आयोजित



नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान श्योपुर व एनआर एलएम के सहयोग से 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आरसेटी में संपन्न हुए उक्त कार्यक्रम के माध्यम से 29 प्रशिक्षणार्थियो द्वारा सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। यह प्रशिक्षण डीएसटी सर्टिफाईड रोहित जेसवाल द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान जिला आजीविका मिशन के डीपीएम एसके मुदगल व डीएम स्कील प्रमोद कुमार राय द्वारा प्रशिक्षणार्थियो को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर निदेशक आरसेटी गोडफ्रॅय मार्टिन लकरा द्वारा प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण-पत्र वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय ऋण संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की गई व प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में अवगत कराया गया कि ऋण प्राप्त कर आत्मनिर्भर होकर अपनी आजीविका को बढा सकते है। इस अवसर पर निदेशक आरसेटी गोडफ्रॅय मार्टिन लकरा, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सारिका पाटीदार, पंकज कानवा, दीपक शर्मा, लेखराज सिंह, ब्रजेश गौड़ तथा आरसेटी श्योपुर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एनएसएस अंतर्गत रायपुरा में शिविर आयोजित




नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गोदग्राम रायपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला में किया गया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर से वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें, कार्यक्रम का प्रारंभ श्रमदान के साथ हुआ।

डॉ विपिन बिहारी शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं को संस्कारवान बनने तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के द्वितीय बौद्धिक सत्र में वनस्पति विज्ञान के विषय विशेषज्ञ डॉ दीपक कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों पर प्रकाश डाला एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनका संरक्षण करने के सुविचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ परवीन वर्मा ने एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बाल संरक्षण अधिकारी विष्णुकांत दुर्बे द्वारा महिला संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई एवं कराटे कोच दुर्गेश चौहान द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षार्थ कराटे का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ वकील सिंह कौशल, डॉ खेमराज आर्य, प्रो विकास आदि उपस्थित रहें। शिविर का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वेदांकी खंडेलवाल ने किया।



## 74 बालिकाओं को लगाये एचपीवी के टीके

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 06 मार्च।** श्योपुर जिले में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी के टीके लगाये जा रहे है। इसी क्रम में आज विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के माध्यम से 14 से 15 वर्ष की आयुवर्ग की 74 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि जिला अस्पताल श्योपुर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडौदा, कराहल, विजयपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। ये विशेष अभियान आगामी 90 दिनों तक संचालित रहेगा। एचपीवी टीका सुरक्षित एवं प्रभावी है जो सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक है विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से का कैंसर है और यह महिलाओं में होने वाले प्रमुख केंसरों में से एक है अधिकांश मामलों में इसका प्रमुख कारण एचपीवी वायरस होता है। उन्होने अभिभावकों से अपील की है कि अपनी बेटियों का पंजीकरण यू-विन पोर्टल के माध्यम से कर सकतें है या फिर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर टीका लगवा सकतें है। टीकाकरण के दिन अभिभावक अपनी बेटी के साथ मोबाइल फोन अवश्य लेकर आयें। इसके अंतर्गत ऐसी बालिकाएं पात्र है जो 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की है। यह टीके स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क लगाये जा रहे है। आज विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के माध्यम से 74 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया है।

## अपनी ही सरकार में उठाए भ्रष्टाचार के सवाल, महामंत्री ने पटवारी पर लगाए रिश्वत मांगने के आरोप

नवभारत न्यूज

**विजयपुर,06मार्च।** भाजपा सरकार में किस तरह से रिश्वत का खेल खेला जा रहा है जहां बिना रिश्वत के कहीं कुछ होने का नाम नहीं ले रहा है जिसमें भाजपा विजयपुर मंडल के महामंत्री हाकिम कुशवाह से फोती नामांतरण के नाम पर पटवारी के द्वारा सात हजार रुपये की मांग कर डाली जिसको लेकर मंडल महामंत्री के द्वारा स्थानीय प्रशासन से लेकर भाजपा के पदाधिकारियों को इस तरह के मामले से अवगत कराया गया लेकिन एक माह व्यतीत हो जाने के बाद भी आज तक पटवारी पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई बताया गया है कि विजयपुर क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा मंडल विजयपुर के महामंत्री हाकिम कुशवाह ने पटवारी पर फोती नामांतरण के नाम पर सात हजार रुपये की रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है।

भाजपा मंडल महामंत्री हाकिम कुशवाह का कहना है कि जब उन्होंने अपने परिजन के फोती नामांतरण के लिए पटवारी से संपर्क किया तो उनसे सात हजार रुपये की मांग की गई।

उनका कहना है कि जब सत्ताधारी दल के पदाधिकारियों से ही इस तरह पैसे मांगे जा रहे हैं तो आम लोगों से क्या वसूली की जा रही होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। महामंत्री ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण से भी की, लेकिन उनके अनुसार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उल्टा उन्हें यह कहकर चुप रहने को कहा गया कि 'अपनी ही सरकार है, सरकार के खिलाफ नहीं बोल सकते।'

इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब देखना यह होगा कि संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस मामले को कितना गंभीरता से लेते हैं और क्या जांच कर कोई कार्रवाई की जाती है या नहीं।

### इन्होने कहा कि ...

हां इस तरह से मेरे बहनोई का फोती नामांतरण का मामला था जिसमें मैंने पटवारी को कहा तो उसने मुझे सीधे सात हजार रुपये मांग लिए जब इसकी शिकायत मैंने वरिष्ठ अधिकारियों एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई पटवारी के खिलाफ उल्टा मुझे ही चुप रहने की कह दिया गया अब क्या करें क्योंकि हमारी सरकार है।ज्यादा कुछ बोलेंगे तो उल्टा हम पर ही कार्रवाई हो जाएगी।यहां तो पूरे कुंआ में ही भांग घुरी हुई है।

**हाकिम कुशवाह**
**महामंत्री भाजपा**
**मंडल विजयपुर**

### मां की मौत को लेकर युवक ने रोका सीएम का काफिला

**इंदौर.** इंदौर में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान एक युवक ने अपनी मां की मौत के मामले में न्याय की मांग करते हुए उनका काफिला रोक लिया. बताया गया कि करीब पांच महीने पहले मंजू चौहान को सर्दी-खांसी की शिकायत के चलते एक निजी क्लिनिक पर बीएचएमएस डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन और बॉटल लगाई गई थी. इसके बाद उनकी मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. मृतका के बेटे रोहन ने न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री का काफिला रोक दिया.